कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा / मा / खेलकूद–3 / 35101 / वा.प. / 2020–21 / दिनांकः 05/07/2020

:: स्मरण पत्र ::

समस्त संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा ।

विषय : सत्र 2020–21 में आयोज्य 65वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन सम्बन्धी प्रस्ताव भिजवाने बाबत ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकः 26.05.2020 के सत्र 2020–21 में आयोज्य 65वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं का वार्षिक खेल पंचांग तैयार करने हेतु प्रतियोगिताओं के आयोजन करवाने वाले इच्छुक संबंधित संस्था प्रधानों की सहमति के प्रस्ताव सम्बद्ध जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक की अभिशंषा सहित (खेल व समूहों की संकलित सूचना) आपके माध्यम से अविलम्ब इस कार्यालय को जरिये रजिस्टर्ड पत्र एवं इस कार्यालय के खेलकूद अनुभाग की ई–मेल sec.sportsbkn@yahoo.com पर दिनांकः 15.06.2020 तक प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु आज दिनांकः तक आप द्वारा प्रस्ताव प्रेषित नहीं किए गए है ।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप दिनांकः 15.07.2020 तक उक्त प्रस्ताव भिजवायें । निर्धारित तिथि तक प्राप्त होने वाले प्रस्तावों का परीक्षण कर उपयुक्त विद्यालयों को उनके प्रस्तावानुसार राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का दायित्व सौंपे जाने का निर्णय कर शेष रहे खेलों का आवंटन मण्डलवार रोस्टर पद्धति से किया जावेगा ।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवे ।

संलग्न : प्रतियोगिता आयोजन स्थल निर्धारण हेतु बिन्दु

(प्रकाश चन्द्र जाटोलिया)
उपनिदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांकः शिविरा / मा / खेलकूद–3 / 35101 / वा.प. / 2020–21 / दिनांकः 05/07/2020

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक ।

उपनिदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन स्थल निर्धारण हेतु बिन्दु :–

1. प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व बार–बार एक ही विद्यालय को न सौंप कर अन्य विद्यालयों को भी दायित्व सौंपकर राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन का अवसर प्रदान किया जावें । यथासम्भव भिन्न–भिन्न जिलों को अवसर दिया जावे ।
2. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व सौंपने से पूर्व संस्था प्रधान की लिखित सहमति ली जानी आवश्यक है ।
3. प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व सौंपे जाते समय विद्यालय के पास अथवा मुख्यालय पर सम्बद्ध खेल मैदान, खेल उपकरण एवं अन्य जिलों से सड़क अथवा रेल मार्ग से सीधा सम्पर्क हो इसका भी ध्यान रखा जावे ।
4. बैडमिन्टन, टेबल–टेनिस खेलों के लिए आयोजक विद्यालय के मुख्यालय पर आवश्यक हॉल की व्यवस्था एवं तैराकी प्रतियोगिता के लिए मानदण्डानुसार तरणताल की उपलब्धता जिसमें इन खेलों का आयोजन हो सके आवश्यक रूप से होने चाहिए ।
5. छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता केवल छात्रा विद्यालयों को ही आवंटित की जावे ।
6. छात्र व छात्रा वर्ग की कोई भी प्रतियोगिता यदि एक साथ हो तो वह छात्र विद्यालय अथवा छात्रा विद्यालय किसी भी को भी आवंटित की जा सकती है ।
7. जहॉ तक सम्भव हो प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व उसी विद्यालय को सौंपा जावे जिनके पास खेल मैदान व कार्मिकों/खिलाड़ियों के आवास स्थल विद्यालय के नजदीक हों ।
8. कार्मिकों एवं खिलाड़ियों के लिए आवास, पानी–बिजली, शौचालय एवं पुलिस सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था हो ।
9. छात्रा खिलाड़ियों की सुरक्षा, शौचालय, स्नानगृह आदि की अलग से समुचित व्यवस्था हो ।
10. प्रतियोगिता आयोजक विद्यालय का संस्था प्रधान ही संयुक्त संचालन सचिव का दायित्व वहन करेगा ।
11. प्रतियोगिता आयोजक विद्यालय के संस्था प्रधान का कार्यालय एवं निवास का दूरभाष नम्बर साथ ही संस्था प्रधान व शारीरिक शिक्षक के मोबईल नम्बर भी लिखें ।
12. प्रतियोगिता स्थल के निर्धारण के समय यह ध्यान रखा जावे कि विद्यालय छात्रकोष में पर्याप्त धन राशि हो जिससे कि निदेशालय बीकानेर द्वारा आवंटित राशि पहुँचने तक अग्रिम आवश्यक कार्यवाही/तैयारी की प्रकिया सम्पन्न की जा सके ।
13. प्रतियोगिता स्थल के विद्यालय में संस्था प्रधान एवं शारीरिक शिक्षक का पद रिक्त न हो ।

www.rajteachers.com

(प्रकाश चन्द्र जाटोलिया)
उपनिदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर